# वीयू – स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने आए जम्मू–कश्मीर व लद्दाख से विधार्थी




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में आज आज दिनांक 24 सितंबर 2025 को कश्मीरी प्रवासियों और कश्मीरी पंडितों/कश्मीरी हिंदू परिवारों (गैर–प्रवासी) के लिए कश्मीर घाटी और जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले BVSc. & AH डिग्री में सत्र 2025–2026 के लिए प्रवेश हेतु काउंसलिंग आयोजित की गई। जिसमें वेटरनरी कॉलेज जबलपुर, महू व रीवा में स्नातक कक्षा में प्रवेश लेने हेतु जम्मू – कश्मीर, लद्दाख के छात्रों में अधिक रुझान देखने मिला। जिसके अंतर्गत कश्मीरी प्रवासियों और कश्मीरी पंडितों/कश्मीरी हिंदू परिवारों (गैर–प्रवासी) के लिए कश्मीर घाटी की 15 सीटों में से 14 सीटों पर प्रवेश ले लिया गया। वहीं जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों में हेतु सभी 6 सीटों में प्रवेश लिया गया।

विश्वविद्यालय द्वारा गठित काउंसलिंग समिति के अध्यक्ष कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर एवं सदस्यगण डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. शशिकांत महाजन, डॉ. सुदिप्ता घोष, डॉ. पूनम शाक्य, डॉ. अक्षय गर्ग, डॉ. असित जैन, डॉ. सोना दुबे, उपकुलसचिव निधि भलावी व शिव मोहन ने सभी दस्तावेजों की जांच करने के पश्चात प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर